. बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
!! निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएँ !!
आदेश

आ0सं0– 6/एन0–08–291/2018–.......................... /पटना–15, दिनांक–....................................

श्री बालाजी तकनीकी विकास एवं समाज कल्याण संस्थान, ग्राम–नारायणपुर, पोस्ट–बरबीघा, शेखपुरा–811103 द्वारा निजी प्रक्षेत्र में संचालित नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान श्री बालाजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल, ग्राम–कुन्डलपुर, पोस्ट–मेधी, नालन्दा–803111 को विभागीय आदेश संख्या–1333(6), दिनांक–23.10.2019 द्वारा 55 सीटों के साथ ए0एन0एम0 कोर्स संचालित करने हेतु मान्यता प्रदान की गई थी।

2–नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ स्कूल ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 के निहित प्रावधान के तहत निर्गत विभागीय आदेश संख्या–293(6), दिनांक–12.03.2025 द्वारा संसूचित निर्णय के आलोक में श्री बालाजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल, ग्राम–कुन्डलपुर, पोस्ट–मेधी, नालन्दा–803111 के अध्यक्ष/सचिव द्वारा अपने संस्थान के सावधिक निरीक्षण हेतु आवेदन समर्पित किया गया।

3–QCI द्वारा निरीक्षणोपरान्त समर्पित मूल्यांकन प्रतिवेदन में श्री बालाजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल, ग्राम–कुन्डलपुर, पोस्ट–मेधी, नालन्दा–803111 को Poor श्रेणी में रखा गया है।

अतः उक्त संस्थान को पूर्व में प्रदत्त मान्यता के आलोक में QCI से प्राप्त मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर अगले एक वर्ष अथवा नर्सेज ट्रेनिंग रिकोगनिशन, एफिलिएशन एवं कंडक्ट ऑफ एक्जामिनेशन्स ऑफ स्कूल ऑफ नर्सिंग रूल्स, 1997 में निहित प्रावधान के आलोक में निरीक्षण प्रतिवेदन आने तक, इनमें से जो भी पहले हो पूर्व निर्धारित सीटों के साथ मान्यता जारी रखने की सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि संस्थान को एक वर्ष के अन्दर निरीक्षण कराना अनिवार्य होगा।

ह0/–
(डॉ0 रेखा झा),
निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।

ज्ञापांक : 6/एन0–08–291/2018–.........34(6A)....... पटना दिनांक–.....02.../....02...../2026

प्रतिलिपिः–सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद्, 8वां तल्ल, एन0बी0सी0सी0 सेंटर, प्लॉट नं0–2, कम्यूनिटी सेंटर, ओखला फेज–01, नई दिल्ली–110020/निबंधक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–निबंधक/परीक्षा नियंत्रक, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, मीठापुर फॉर्म एरिया, मीठापुर, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–विशेष कार्य पदाधिकारी, बी0सी0ई0सी0ई0बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी/सिविल सर्जन, नालन्दा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य, श्री बालाजी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल, ग्राम–कुन्डलपुर, पोस्ट–मेधी, नालन्दा–803111 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, प्रभारी प्रशाखा–06 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

2/2/26

निदेशक प्रमुख (नर्सिंग)।